# सबका काम बनेगा आओ गोगा की मेडी पर | By Puja Shrivastava

सबका काम बनेगा रे गोगा की मेडी में
गोगा की मेडी में, गोगा की मेडी में
सबका भाग्य जागेगा रे गोगा की मेडी में
सबका काम बनेगा रे गोगा की मेडी में

गोगा के चरणों में जो भी मन से अर्ज़ करेगा
धन वैभव संतन की खुशियां बाबा से पायेगा
सबका कष्ट मिटेगा रे गोगा की मेडी में
सबका काम बनेगा रे गोगा की मेडी में

गोरख कुंड की महिमा न्यारी जो स्नान करेगा
रोग शोक से मुक्ति मिले बाबा कल्याण करेगा
जीवन सुखी रहेगा तेरा गोगा मेडी में
सबका काम बनेगा रे गोगा की मेडी में

श्रियल रानी के सांवरिया सबकी सुने फ़रियाद
जो भी शीश झुकाये प्रभु को मिलता आशीर्वाद
यहाँ वरदान मिलेगा रे गोगा की मेडी में
सबका काम बनेगा रे गोगा की मेडी में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae/